दैनिक **क्यूँ न लिखूँ सच**

प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 34 मुरादाबाद 26 May 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## जब केशव प्रसाद मौर्य पर बिफरे अखिलेश यादव, बाप तक पहुंच गई बात; योगी को संभालना पड़ा मोर्चा



उत्तर प्रदेश विधानसभा में बुधवार को नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव और योगी सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बीच तीखी बहस हुई और बात इतनी अधिक बढ़ गई कि खुद नेता सदन और सीएम योगी को खड़े होकर माहौल शांत करना पड़ा। केशव प्रसाद मौर्य की ओर से यह कहे जाने पर कि क्या आपने सैफई की जमीन बेचकर सड़क बनाई थी, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव बिफर पड़े। वह अपनी सीट से खड़े हुए और कहा कि क्या तुम पिता जी का पैसा लाते हो। राशन बांटा तो पिताजी का पैसा था? अखिलेश के यह कहते ही दोनों तरफ से शोर-शराबा होने लगा तो खुद सीएम योगी आदित्यनाथ मोर्चा संभाला और सबको मर्यादा में रहने की नसीहत दी। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान बुधवार को अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर एक घंटे से अधिक समय तक हमले किए। इसके बाद योगी सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य खड़े हुए तो उन्होंने सपा पर पलटवार शुरू किया। अखिलेश यादव ने उन्हें बीच-बीच में टोकने लगे। अखिलेश यादव ने केशव प्रसाद मौर्य के भाषण के बीच खड़े होकर उनसे पूछा कि वह (केशव) बताएं कि लोकभवन में कब बैठ पाएंगे। केशव ने जवाब दिया कि लोक भवन में कलम खिल गया है और खिला रहेगा। साइकिल पंक्चर ठीक हो गई है उसे यूपी की जनता ठीक नहीं करेगी। अखिलेश ने कहा कि यह पीडब्ल्यूडी मंत्री रहे हैं। ये भूल गए कि उनके जिला मुख्यालय की सड़क किसने बनाई? बताएं फोन लेन किसने बनाई। केशव ने जवाब दिया, अध्यक्ष जी कृप्या इन्हें बता दीजिए कि पांच साल सत्ता में नहीं रहे, फिर पांच साल के लिए फिर विदा हो गए हैं। 2027 में चुनाव आएगा फिर कमल खिलेगा। सड़क किसने बनाई है, एक्सप्रेस वे किसने बनाई है, मेट्रो किसने बनाई है, ऐसा लगता है कि आपने सैफई की जमीन बेचकर आपने यह सब बना दिया है। यह सुनते ही अखिलेश यादव बिफर पड़े और कहा, तुम पिता जी से पैसा लाते हो यह बनाने के लिए। राशन बांटा है तो पिताजी से पैसा लाए हो। अखिलेश के इतना कहते ही दोनों ओर के विधायक खड़े हो गए और हंगामा होने लगा।

### सीएम योगी ने संभाला

हंगामा बढ़ते देख सीएम योगी आदित्यनाथ खड़े हुए। उन्होंने सबको मर्यादा में रहने की नसीहत देते हुए कहा कि सहमति-असहमति हो सकती है किसी बात पर। हम बाद में ठीक करवा सकते हैं। लेकिन तू-तू- मैं-मैं का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। किसी असभ्य भाषा का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। यह गलत परंपरा होगी और देश में गलत संदेश जाएगा। जब एक सदस्य खासकर उपमुख्यमंत्री बोल रहे हों तो बीच में रनिंग कमेंट्री करना ठीक नहीं होगा। सीएम योगी ने कहा कि सिर्फ सत्ता पक्ष से मर्यादा की अपेक्षा ना करें विपक्ष भी इसका पालन करे तो बेहतर होगा।

## विधानसभा में अखिलेश यादव का भाजपा पर हमला, बोले- इतिहास में अगर कोई सबसे विफल सरकार हुई तो वह यही है



लखनऊ- उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र में बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी पर हमला बोला। जवाब में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा को इतिहास की सबसे असफल सरकार करार दिया। विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 में सरकार आने के बाद हमने हर जरूरतमंद के लिए जिसे खद्यान से वांछित किया गया था उसे राशन कार्ड उपलब्ध कराया। साथ ही सदी की सबसे बड़ी महामारी के दौरान उत्तर प्रदेश में सभी के लिए खाद्यान के किट के साथ फ्री राशन की भी व्यवस्था की गई। उप मुख्यमंत्री केपी मौर्य ने कहा कि कई केंद्रीय योजनाएं यूपी में आईं, लेकिन सपा ने सुनिश्चित किया कि उन्हें कभी लागू नहीं किया जाए। लोगों ने इसे देखा और उन्हें वोट दिया। हम गरीबों के लिए काम कर रहे हैं, 1 करोड़ से अधिक लोगों को गैस कनेक्शन दिए हैं। सपा सरकार गरीबों के लिए नहीं है, यह गैंगस्टरों और माफियाओं के लिए है। आज तक के इतिहास में अगर कोई सबसे विफल सरकार हुई है तो वह यह सरकार है। प्रदेश में अराजकता का माहौल, ध्वस्त कानून व्यवस्था, सामूहिक बालात्कार, नफरत, भ्रष्टाचार बढ़ाने वाली, विकास रोकने वाली, महंगाई को चरम सीमा पर पहुंचाने वाली यह सरकार है। नीति आयोग के अनुसार, यूपी शिक्षा में नीचे से चौथे स्थान पर है। स्वास्थ्य में, यह अंतिम है। यूपी देश में गरीबी की संख्या बढ़ाने वाले सबसे बड़े राज्यों में से एक है। केंद्र सरकार की रिपोर्ट के अनुसार मध्याह्न भोजन घोटाले में यूपी सबसे आगे है। नवोन्मेष में 14वें स्थान पर है। नीति आयोग के अनुसार चौथे नंबर पर राज्य के साथ भुखमरी सर्वकालिक उच्च स्तर पर है। फर्जी मुठभेड़ों, साइबर अपराध, महिलाओं के खिलाफ अपराध, हत्या, दलितों के खिलाफ अपराध, अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम के तहत प्राथमिकी, वित्तीय अपराध, राज्य नंबर 1 पर है।

## कांग्रेस छोड़ने पर बोले कपिल सिब्बल, जी-23 का चैप्टर खत्म हुआ, पार्टी छोड़ने से पहले की थी सोनिया गांधी से मुलाकात



कांग्रेस पार्टी छोड़कर समाजवादी पार्टी के समर्थन से राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने वाले कपिल सिब्बल ने सोनिया गांधी की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि मैंने कांग्रेस छोड़ने से पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की थी और उनका व्यवहार मेरे प्रति सद्भावपूर्ण था। पार्टी से इस्तीफे को लेकर कपिल सिब्बल ने बातचीत में कहा, कांग्रेस से इस्तीफा देना आसान नहीं था। परिवार को छोड़ना आसान नहीं था। लेकिन आपको एक वक्त में फैसला लेना ही होता है। कांग्रेस ने मुझे बहुत कुछ दिया है, लेकिन मैं हमेशा एक स्वतंत्र आवाज के तौर पर पहचान रखता रहा हूं। मैंने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर राज्यसभा चुनाव के लिए पर्चा दाखिल किया है और समाजवादी पार्टी मुझे समर्थन कर रही है। कपिल सिब्बल ने कहा कि मैंने 16 मई को ही कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मीटिंग को लेकर कपिल सिब्बल ने कहा कि यह निजी मुलाकात थी और उनका व्यवहार मेरे प्रति बहुत अच्छा था। बीते साल अगस्त से कांग्रेस से तनाव बढ़ने को लेकर कहा कि मुझे जो भी महसूस हुआ था, वह मैंने कहा था। अब मैं कांग्रेस से बाहर हूं और उसके आंतरिक मामले को लेकर कुछ नहीं कहूंगा। यही नहीं जी-23 के भविष्य को लेकर भी उन्होंने कहा कि मैं इससे बाहर हूं और मेरी ओर से यह चैप्टर समाप्त हो गया है। तृणमूल कांग्रेस समेत कुछ और दलों की ओर से संपर्क किए जाने पर कपिल सिब्बल ने कहा कि यह निजी मसला था, जिसके बारे में बता नहीं कर सकता। लेकिन मेरी प्राथमिकता में किसी दल के साथ जुड़ना नहीं था। मेरी इस पोजिशन को समाजवादी पार्टी ने स्वीकार कर लिया। गौरतलब है कि कपिल सिब्बल ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान की पैरवी भी सुप्रीम कोर्ट में की थी। माना जा रहा है कि आजम खान के लिए कानूनी जंग लड़ने के इनाम के तौर पर ही समाजवादी पार्टी ने उन्हें अपने समर्थन से राज्यसभा भेजने का फैसला लिया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# कलेक्टर ने एनआरएलएम सहित अन्य योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने कलेक्टेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम की उपस्थिति में जिला पंचायत अंतर्गत संचालित योजनाओं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, समाज कल्याण विभाग, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने एनआरएलएम अंतर्गत संचालित कार्यों की जानकारी लेकर गौठान में महिला स्व सहायता समूह द्वारा किए जा रहे वर्मी कंपोस्ट निर्माण, सामुदायिक बाड़ी विकास, मुर्गी पालन, मशरूम उत्पादन, मछली पालन जैसे बहुउद्देशीय गतिविधियों के प्रगति के संबंध में अवगत हुई। उन्होंने महिला स्व सहायता समूह को आर्थिक रूप सुदृढ़ करने के लिए गौठानो में ग्रामीण औद्योगिक पार्क विकास अंतर्गत स्व सहायता समूह द्वारा उत्पादित किए जा रहे दाल, तेल, मसाला, साबुन, सब्जी भाजी को विभिन्न स्कूलों में मध्यान भोजन, आश्रम छात्रावासों में इसकी उपयोगिता के लिए लिंकेज करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जिससे गौठान में उत्पादित सामग्री की बिक्री में बढ़ोतरी हो सके। उन्होंने उत्पादित गौठान का चिन्हांकन कर कार्य प्रारंभ करने के लिए निर्देशित किया है तथा गौठानो में ग्रामीण औद्योगिक पार्क के माध्यम से महिला स्व सहायता समूह द्वारा हल्दी, मसाला, साबुन, तेल, सब्जियों के उत्पाद को स्कूलों के मध्यान भोजन, आश्रम छात्रावास में प्रदाय किए जाने हेतु आवश्यक कार्य योजना बनाने के लिए निर्देशित किया है। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, समाज कल्याण विभाग सहित जिला पंचायत अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की तथा सभी संचालित योजनाओं का बेहतर क्रियान्वन करने के लिए निर्देशित किया है तथा समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने कहा है जिससे हितग्राहियों को परेशानियों का सामना करना ना पड़े। उन्होंने बेहतर कार्य के लिए सभी संबंधित कर्मचारियों को प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा है।

# उप जिलाधिकारी जमुनहा के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा रोड के पटरी से अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- तहसील जमुनहा के उप जिलाधिकारी सौरभ शुक्ला के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान पीडब्ल्यूडी विभाग व अन्य विभागों द्वारा शुरू किया गया है जिससे रोड की पटरिया स्वच्छ रहे इस संबंध में उप जिलाधिकारी जमुनहा ने बताया कि सरकार की मंशा अनुरूप स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए व यात्रियों के आवागमन की सुविधा के लिए रोड की परियों से अतिक्रमण हटाया जा रहा है वह हटा ले तथा बीके रोड जमुना बहराइच से बीरगंज बाजार तक जाने वाली रोड का पीडब्ल्यूडी के जूनियर इंजीनियर के साथ क्षेत्र लेखपाल धीरेंद्र पाठक व मेट बाबादीन पैमाइश किया गया जहां पर 12 मीटर चौड़ी रोड की पैमाइश करके जो रोड पर मकान आते हैं उन्हें सीमांकन करने के बाद चिन्हित किया गया और उनको बताया गया कि 1 हफ्ते के अंदर अतिक्रमण हटा नहीं हटाते हैं तो विभाग स्वयं हटवा आएगा जिसका उत्तर दायित्व आपका होगा कथा बैरिया चौराहे से तहसील जमुनहा मुख्यालय तक दोनों पटरी के अतिक्रमण हटाने के लिए सूचना दे दिया गया है कि वह भी तत्काल प्रभाव से आक्रमण हटा ले ।

# जिले की 54 न्यायपंचायतो में 16 जून, 2022 तक विशेष बीजशोधन एवं भूमिशोधन का अभियान

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार जिला कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार ने जनपद के समस्त किसान भाईयों को सूचित करते हुए बताया है कि खरीफ अभियान 2022-2023 चालू हो गया है। बोई जानेवाली फसलों को बीजजनित एवं भूमिजनित रोगों से बचाव के लिए बीजशोधन एवं भूमिशोधन का महत्व अत्यधिक है। जिले की 54 न्यायपंचायतो में 16 जून, 2022 तक विशेष बीजशोधन एवं भूमिशोधन का अभियान चलाया जायेगा। इससे फसलों को रोगो से सुरक्षा मिलती है तथा पैदावार अधिक होती है। बीजशोधन के अभाव में फसलों से कई फफूंदजनित/जीवाणुजनित रोगों का प्रकोप देखा जाता है। रोगकारक फफूंदी व जीवाणु बीज से लिपट रहते हैं या भूमि में पड़े रहते हैं। बीज बोने के बाद फफुंदी स्वभाव के अनुसार नमी प्राप्त होते ही उगते बीज, अकुर या पौधो के विभिन्न भागो को संक्रमित करके रोग उत्पन्न करते है। उन्होने यह भी बताया कि सभी भूमि/बीज शोधन हेतु जैविक कीटनाशक 75 प्रतिशत अनुदान पर जनपद की सभी कृषि रक्षा इकाईयों पर उपलब्ध है। अन्य कीट/रोग की समस्या निदान हेतु मो0नं0-9452257111 एवं 9452247111 पर व्हॉट्सऐप पर मैसेज कर कृषि रक्षा सम्बन्धित समस्या का निदान 48 घण्टे में अपने मोबाइल पर पा सकते है।

# व्यक्तिगत व शाला सुरक्षा संबंधी खण्ड स्तरीय प्रशिक्षण ओडगी मे संपन्न

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-ओडगी- शाला एवं व्यक्ति गत सुरक्षा तथा विभिन्न आपदाओं सहित बाल अपराध व रोकथाम हेतु बच्चों को पर्याप्त जानकारी प्रदान करने संबंधी शासन के मनसा अनुरूप विख ओडगी मे तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ, प्रशिक्षण के शुभारंभ श्री जे पी साय विख शिक्षा अधिकारी ओडगी व प्रशिक्षक द्वय श्रीराम प्रधान व विश्वनाथ यादव की उपस्थिति मे किया गया, जिसमे संकुल समन्वयक के साथ प्रत्येक संकुल से एक शिक्षक को प्रशिक्षित किया गया, जो संकुल स्तर पर प्राथमिक व माध्यमिक स्तर के सभी शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे, प्रशिक्षण के प्रथम सत्र मे संरचनात्मक व गैर संरचनात्मक सुरक्षा, आपदा व विपत्ति, भूकंप, बाढ, अग्नि सुरक्षा, सर्पदंश, डेंगू, वाइरल बुखार संबंधित कारण बचाव के उपाय की जानकारी दी गई, ओडगी एवं श्री श्रीराम प्रधान सहायक विख शिक्षा अधिकारी ण के टीप्स को आवश्यकता अनुसार विद्यालयों मे लागू कराने का अपील किया गया

# 29.6 टन कोयला व रेत सहित हाईवा व ट्रेलर वाहन जप्त, थाना जयनगर पुलिस की कार्यवाही



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर अवैध कारोबार पर पुलिस की लगातार कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में दिनांक 24 मई 2022 को जयनगर पुलिस ने मुखबीर से सूचना पर हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 7108 वाहन एवं उसमें लोड रेत जप्त किया है। वहीं दूसरे मामले में मुखबीर की सूचना पर ग्राम कुंजनगर में ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 15 एसी 4751 को रोका गया जिसे चेक करने पर उसमें कोयला लोड़ पाया। मामले में ट्रेलर वाहन एवं उसमें लोड़ कोयला 29.6 टन कीमत करीब 3 लाख रूपये को जप्त कर धारा 102 जा.फौ. के तहत कार्यवाही करते हुए आगे की जांच की जा रही है।

# झीरम नक्सली हमले के नौ साल, सूरजपुर पुलिस ने झीरम घाटी नक्सली हमले में हुए शहीदों को दी श्रद्धांजली

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- बस्तर संभाग के झीरम घाटी में 25 मई 2013 को नक्सल हिंसा के शिकार हुए जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पदाधिकारीगण, सुरक्षा बलों के जवानों के शहादत को याद करते हुए पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने बुधवार को जिला पुलिस कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को शपथ दिलाया कि दिनांक 25 मई 2013 को झीरम घाटी में नक्सल हिंसा के शिकार हुए नप्रतिनिधि, वरिष्ठ पदाधिकारीगण, सुरक्षा बलों के जवान एवं विगत वर्षो तथा वर्तमान में नक्सल हिंसा में शहीद हुए अन्य सभी भाईयों-बहनों के लिए हम श्रद्धान्जलि अर्पित करते हैं। हम छत्तीसगढ़वासी अपने राज्य में अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के नक्सलवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम छत्तीसगढ़ राज्य को पुनः शान्ति का टापू बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे कि शपथ ली गई। यह शपथ जिले के सभी थाना/चौकी में ली गई एवं दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, डीएसपी मुख्यालय नंदिनी ठाकुर, कार्यालय अधीक्षक संतोष वर्मा, स्टेनो अखिलेश सिंह, निरीक्षक धर्मानंद शुक्ला सहित पुलिस कार्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# भाजपा किसान मोर्चा महानगर में सह भोज कार्यक्रम भारी बहुमत से मनाया

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा महानगर की तरफ से सह भोज कार्यक्रम ब्लॉक धनीपुर परिसर में रखा गया उसे कार्यक्रम में दूरदराज से हमारे पदाधिकारी एवं सदस्य मंडल अध्यक्ष सभी उपस्थित रहे इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश काल कि समिति के सदस्य माननीय अरविंद कुमार सिकरवार उपस्थित हुए इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अरविंद सिकरवार ने किसान मोर्चा के सभी प्रोग्राम के बारे में बताया उन्होंने साफ कहा है कि इससे अगले कार्यक्रम जितने भी तय है उन कार्यक्रमों को भारी बहुमत से साथ कराना है धिकारियों को एवं सदस्य गणों को धन्यवाद देते हुए समापन किया इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष ठाकुर सतेंद्र पाल सिंह महानगर उपाध्यक्ष चित्र पाल सिंह महानगर महामंत्री संदीप अग्रवाल महानगर मंत्री भारत भूषण महानगर मंत्री अमित प्रताप सिंह महानगर उपाध्यक्ष विनोद कुमार यादव महानगर उपाध्यक्ष नीतू राजपूत महानगर काल कारिणी के सदस्य पवन कुमार सिंह सिमरन मिर्जा प्रतिमा शर्मा संतोष तिवारी लाल बहादुर दीपक सिंह सिद्धार्थ पंडित आदि सैकड़ों से अधिक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे

# मा0 अध्यक्ष उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार मुरादाबाद में समीक्षा बैठक सम्पन्न



मुरादाबाद -श्री ओमप्रकाश गोला प्रजापति जी मा0 अध्यक्ष उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार मुरादाबाद में समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक में माटी कला के परम्परागत कला को प्रोत्साहन देने एवं माटीकला कारीगरों के आर्थिक उत्थान हेतु उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गयी। अध्यक्ष उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड ने बताया है कि माटीकला का कार्य कर रहे कारीगरों को अनिवार्य रुप से मिट्टी की उपलब्धता हेतु पट्टों के आवंटन उनके कौशल विकास एवं उत्पादित सामग्री की बिक्री तथा बैंकों के माध्यम से मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अर्न्तगत स्वरोजगार हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करना एवं निःशुल्क विद्युत चालित चाक वितरण बैठक का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि उ0प्र0 शासन द्वारा माटीकला कारीगरों को प्रदेश में निःशुल्क विद्युत चालित चाक वितरित किए जा रहे तथा उनके कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अर्न्तगत माटीकला कारीगरों को बैंक के माध्यम से वित्त पोषण कराकर पूंजीगत मद के ऋण पर 25 प्रतिशत अनुदान शासन द्वारा दिया जा रहा है। मिट्टी के बर्तनों, कलात्मक सामान एवं मूर्तियों की वर्तमान में निरन्तर मांग बढ़ रही है तथा इसमें उत्पाद विकास के भी अपार संभावना है। मिट्टी के बर्तनों में खाने के स्वास्थ्यवर्धक होने के संबंध में वैज्ञानिक रिसर्च में भी पुष्टि हुई है तथा प्राकृतिक उत्पाद होने के कारण पर्यावरण संरक्षण में अत्यन्त सहायक है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए माटीकला बोर्ड द्वारा निरन्तर माटीकला के व्यवसाय से जुड़े कारीगरों के उत्थान हेतु प्रयास कर माटीकला उत्पादों के प्रति जागरुकता भी उत्पन्न की जा रही है। अध्यक्ष उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड ने समीक्षा बैठक में प्रत्येक तहसील में माटीकला से जुड़े कारीगरों को पट्टा आवंटन के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि उप जिलाधिकारी हर शिल्पकार को मिट्टी अवश्य उपलब्ध करा दें। उन्होंने जनपद में आवंटित पट्टों की स्थिति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि उपजिलाधिकारीगण और प्रयास करें ताकि अधिक से अधिक लोगों को पट्टा आवंटन हों। उन्होंने कहा कि माटीकला बोर्ड की समितियों को बढाये और माटीकला से जुडे कारीगर पूरे साहस के साथ कार्य करें। उन्होंने लीड बैंक प्रबन्धक से कहा कि प्रजापति समाज को अधिक से अधिक योजना के क्रियान्वयन हेतु ऋण उपलब्ध कराये। उन्होंने बैठक में आये प्रजापति समाज के सदस्यों से कहा कि उत्कृष्ट एवं अच्छे-अच्छे नमूनों को पेश करें और विकास के क्षेत्र में आगे बढें, मटका बनाने तक ही सीमित न रहे। सोशल मीडिया पर आये और अपने बनाये हुए नमूनों को डाले, ऑनलाइन बिक्री के लिए प्रयासरत रहें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अच्छे शिल्पकारों द्वारा बनाये गये आईटमों की प्रदर्शनी लगायी जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनन्द वर्धन, नगर मजिस्ट्रेट एमपी सिंह, उपजिलाधिकारी बिलारी घनश्याम वर्मा, उपजिलाधिकारी ठाकुरद्वारा परमानंद सिंह, उपजिलाधिकारी मुरादाबाद प्रशान्त तिवारी, तहसीलदार कांठ विभा श्रीवास्तव, अग्रणी जिला प्रबन्धक विशाल दीक्षित, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई नरेश कुमार, सहायक प्रबन्धक उद्योग विभाग अजमी नकवी, जिला अध्यक्ष भाजपा सहित प्रजापति समाज के कारीगर आदि उपस्थित रहें।

# मुरादाबाद में चला बाबा का बुलडोजर जहां पर अवैध तौर पर किए गए निर्माण को किया ध्वस्त



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बुलडोजर चला है दरअसल अवैध निर्माण पर आज मुरादाबाद जनपद में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अवैध निर्माण हटाए जाने को लेकर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया है जिसमें नगर निगम की टीम ने आज विशेष सुरक्षा बलों के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जहां मुरादाबाद जनपद के कपूर कंपनी से लेकर गांधीनगर तक यह अभियान नगर निगम की टीम ने चलाया जिसमें अवैध तौर पर बनी दुकानों को तोड़ने का काम मुरादाबाद की नगर निगम टीम द्वारा किया गया है। दरअसल प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाए जाने को लेकर मुरादाबाद जनपद में अभियान चलाया जा रहा है इसी को लेकर मुरादाबाद जनपद में नगर निगम की टीम द्वारा कई स्थानों पर पहुंचकर आज अवैध अतिक्रमण हटाया गया है जहां पर अवैध तौर पर किए गए निर्माण को ध्वस्त किया है इसके साथ ही सड़क किनारे अवैध रूप से लग रही फड़े को भी हटवाया है

# पोषण पाठशाला का आयोजन 26 मई को -डीएम

मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया है कि बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा जनमानस एवं लाभार्थियों को विभाग की सेवाओं, पोषण प्रबन्धन, कुपोषण से बचाव के उपाय, पोषण शिक्षा आदि के संबंध में प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में प्रथम पोषण पाठशाला का आयोजन दिनांक 26 मई 2022 को अपरान्ह् 12:00 बजे से 2:00 बजे के मध्य एनआईसी के माध्यम से वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के द्वारा किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य थीम शीघ्र स्तनपान-केवल स्तनपान है। पोषण पाठशाला में विभागीय अधिकारियों के अतिरिक्त विषय विशेषज्ञ द्वारा शीघ्र स्तनपान केवल स्तनपान की आवश्यकता, महत्व उपयोगिता आदि के संबंध में हिन्दी में विस्तार से चर्चा की जाएगी तथा वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से लाभार्थियों व अन्य के द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर भी दिया जायेगा। इस कार्यक्रम का लाइव वेब-कास्ट भी किया जायेगा, जिसका वेब लिंके है। इस लिंक के माध्यम से कोई भी लाभार्थी आम जनमानस कार्यक्रम से सीधे जुड सकता है। जिलाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सुरक्षा-5 (एनएफएचएस-5) के अनुसार उत्तर प्रदेश में शीघ्र स्तनपान (जन्म के 1 घंटे के अन्दर नवजात शिशु को स्तनपान) का दर 23.9 प्रतिशत और 6 माह के तक शिशुओं में केवल स्तनपान का दर 59.7 प्रतिशत है, शिशुओं में शीघ्र स्तनपान व केवल स्तनपान, उनके जीवन की रक्षा के लिए अत्यन्त आवश्यक है। केवल स्तनपान की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाना है।--------

# बरेली के तहसील नवाबगंज क्षेत्र की ए एन एम ने एकत्रित होकर उच्च अधिकारियों का किया विरोध, लगाए कई आरोप

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली - नवाबगंज क्षेत्र में ए एन एम का अपने उच्च अधिकारियों द्वारा हो रहा शोषण चिकित्सा क्षेत्र में एएनएम आर सी एच ओ से हो रही पंद्रह ?1500 सौ प्रति माह की वेतन कटौती तथा प्रधानमंत्री द्वारा प्रेग्नेंट महिला के लिए दिए जा रहे पैसों में से भी प्रतिमा एन एम ए के पैसे से कटौती की जा रही है प्रशासन के ही अधिकारी सी एच ओ सचिन कुमार द्वारा पूरे मंडल की एन ए में कार्यकर्ता शोषित हो रही हैं उनके ऊपर चिकित्सा विभाग के अधिकारियों का हाथ है उनकी लिखित शिकायत आशा बहुओं ने अपने अधिकारियों को भी दी मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई उल्टा शिकायतकर्ता का ही ट्रांसफर एक स्थान से दूसरे स्थान पर कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग के ही डॉक्टर दिनेश सिंह सीएचसी के अधिकारी तथा सचिन कुमार के कहने पर राबिया खातून ने ए एम एन के फर्जी सिग्नेचर नाम क्रमशाह कल्पना श्रेष्ठ पूनम मौर्य अंजुम आरा सुमन रानी के फर्जी सिग्नेचर करके सचिन कुमार के पक्ष में सीएमओ ऑफिस में ज्ञापन दिया तथा बना उसकी कार्रवाई रोकने का प्रयत्न किया। सचिन कुमार ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर है जो कि पूरा ब्लॉक अपने ढंग से हैंडल करता है तथा सरकार द्वारा ए एन एम माताओं बहनों को सरकार द्वारा दी गई लाभ को काटकर उनकी सैलरी उनके योजनाओं के पैसे सब हड़प कर जाता है तथा उस पर किसी प्रकार की कोई भी कार्यवाही नहीं हो रही है। पूरे ब्लॉक कथा मंडल की ए एम एन का यूं ही अधिकारियों द्वारा शोषण हो रहा है तथा आवाज उठाने पर उल्टा उनका ट्रांसफर तथा संविदा पर कार्यरत है मन को नौकरी से बाहर निकालने की धमकी दी जा रही है जिस पर पूरा चिकित्सा अधिकारी प्रशासन मौन है जिसकी शिकायत सीएमओ से भी की गई मगर उन्हें भी इस कार्यवाही पर कोई ध्यान ना देकर उल्टा संविदा आशा बहूओ कार्यकर्ता को ही स्थानांतरित कर दिया।

इस समाचार पत्र में सभी जन अवैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Epidemic of inequality

It is often said that viruses never discriminate. When an epidemic spreads, the rich and the poor make everyone their victim. But what is true of the pandemic virus is not true of the global economy. Various reports suggest that the situation arising out of the pandemic has affected different sections and societies in different ways. It gave new opportunities to some people, while taking away opportunities of many people for a long time. In this regard, after a detailed study by Oxford University organization Oxfam, it has been told that in the two years after the epidemic, economic inequality in the world has increased very rapidly. While this era has created starvation conditions for more than 260 million people, it has given the world a new billionaire every 33 hours. Of course, in the last two years, due to epidemics and lockdowns, the growth rate of the whole world has fallen drastically. Traditional economic thinking says that it should have been a loss to all – the rich and the poor. But all the studies and research show that most of the loss has come in the hands of the poor, while the rich have almost escaped it, but this situation has made some more prosperous. It is true that the way India dealt with the situation, it saved a huge population from starvation. There is no other example in the world of providing free food grains to 800 million people for a long time. Recently, even the World Monetary Fund had praised India for this. But the situation ahead of it is very complicated. According to the report of 'World Inequality Lab', which came a few days ago, if there is the highest inequality in the world, then it is in India itself. Almost the same thing has now been said by Oxfam's report as well. During this, every 11 days in India, a new person has become a billionaire. In 2020, there were 102 Indians in Forbes magazine's list of billionaires, but in 2022 their number increased to 166. In the case of billionaires, India has now reached number three after America and China. In terms of number of poor, it is at number one. Now just take a look at the period when the corona virus did not enter our life as an epidemic. Poverty was still there and economic inequality was increasing in many parts of the world. A direct difference from the pandemic was that many of the truths of the society from which we used to turn away, Corona brought them before our eyes. For example, this global pandemic has shown how inefficient and inadequate our health services are and our inability to provide direct help to people in times of crisis. Similarly, the pandemic also showed how inefficient and inadequate our economic policies, with the help of which we dream of poverty alleviation, are! When there was a big economic crisis, then despite all those policies, the poor class had to bear the most damage. Unfortunately, the world still does not seem ready to change its course. She is still following the old line.

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

## Shweta Tiwari showed off her bold avatar at the age of 41 wearing an off shoulder short dress, the user said, 'Palak ki maa ho little control...'



'Bigg Boss' winner and 'Kasauti Zindagi Ki' fame Shweta Tiwari is a well-known name on the small screen today. Shweta is counted among the actresses of the industry today who have made a special identity on their own. Till now Shweta has done item numbers in Bhojpuri films and Bollywood along with many TV shows. Shweta remains in the limelight for her personal life as well as her professional life. Along with acting, Shweta is also very active on social media. She keeps on making fans crazy through her hot and bold pictures. Meanwhile, the video of Shweta's latest look has gone viral on the internet, which is being liked a lot among the fans. Shweta Tiwari is in the news these days for her new music video. The title of this music video is 'Jaado Main Tere Kol Si'. Saurabh Raj Jain is seen with him in this song. The chemistry of both is being well-liked in the song. This song of Shweta has been released yesterday i.e. on 24 May 2022. A video of Shweta has surfaced only after the release of the song. In this video, the look of the actress is being made just by watching. In the video you can see that Shweta Tiwari is seen posing in a hot royal blue color off shoulder short one piece dress. A long frill is seen hanging at the bottom in this dress. At the same time, Shweta is seen handling him again and again. During this, Shweta has kept her hair open. During this, Shweta's makeup is quite light. This look of Shweta is very much liked by the fans. At the same time, the fans are seen praising the actress by commenting on it.

## Shruti Haasan starts getting nervous due to the name of marriage, is the reason for the separation of parents?

Shruti Haasan, daughter of South's veteran actor Kamal Haasan, is very active on social media. Shruti Haasan has also done a lot of work in Bollywood and people are very interested in her personal life. In the year 2020, he started a new journey professionally and in the same year he also made a new beginning in his personal life. Kamal Haasan told why he fell in love with Shantanu Hazarika. How Shruti-Shantanu's friendship changed in love? - Shruti Haasan told, 'Shantanu and I had some common friends. Our friendship turned into love as both of us were very appreciative about art and music. There are very few people who like both of these things. He is very kind and talented. She is a visual artist.. an illustrator, and her art inspires me a lot. I have met many people who do not prioritize kindness and good behaviour, especially in our profession. What did Shruti Haasan say on the question of marriage? - What do you think about marriage? And is she going to tie the knot soon? When asked this question, Shruti Haasan said that now even the thought of marriage makes me very nervous. This is something on which I will not take any decision at the moment. After this, Shruti Haasan was asked if she was nervous about the idea of ??marriage because her parents (Kamal Haasan and Sarika) had separated? Shruti Haasan's parents had separated - In response, Shruti Haasan said, 'I think my parents' intentions about marriage were very sweet. Everything was beautiful when things were going well and that's the only thing I would like to learn from their relationship. Sometimes things work and sometimes they don't. I always try to see the good side of things.



# त्याग, बलिदान एवं सात्विकता का दूसरा स्वरूप है संत जीवन- श्री सुतीक्ष्ण मुनि

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-एटा/हरिद्वार- जस्सा राम रोड स्थित जगतगुरु उदासीन आश्रम के 51वें वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष में संत समागम का आयोजन हुआ। आयोजित समागम में उत्तर-प्रदेश के पूर्व मंत्री जयप्रकाश यादव जी मुख्य अतिथि एवं भारतीय किसान विकास मंच के उत्तराखंड,उ.प्र. एवं हिमाचल प्रदेश के प्रदेश प्रभारी एवं कट्टर हिंदूवादी नेता रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य, दूरसंचार निगम भारत के पूर्व निदेशक एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी स्वरूप चौधरी, प्रमुख व्यवसायी सुभाष मेहता, उद्योगपति वी.के चतुर्वेदी, गुड़गांव के प्रमुख व्यवसायी महेंद्र सेठी जी विशेष अतिथि के तौर पर सम्मिलित हुए। इस मौके पर संबोधन में श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन के श्रीमहंत रघुमुनि महाराज ने कहा है कि वैराग्य वृत्तियों से युक्त इस समाज के उद्धार एवं कल्याण के लिए ही सभी संतों का जीवन समर्पित है। सात्विक जीवन का अनुसरण कर संत समाज राष्ट्र की एकता एवं अखंडता बनाए रखने में अपना अतुल्य योगदान सदा से ही प्रदान करता आया है। समागम के दौरान श्रीमहंत रघुमुनि महाराज ने ब्रह्मलीन स्वामी सतनाम दास महाराज के त्याग एवं तपस्या की किवंदतियाँ सुनाते हुए बताया कि वह त्याग एवं परोपकार की साक्षात प्रतिमूर्ति एवं परोपकार की पराकाष्ठा का सजीव स्वरूप थे। उन्होंने जीवन पर्यंत सनातन परंपराओं का निर्वहन करते हुए धर्म और संस्कृति का प्रचार प्रसार किया। संत समाज एवं लोक-कल्याण में उनका अहम योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। जिन्होंने संपूर्ण भारतवर्ष का भ्रमण कर धर्म और अध्यात्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भावी पीढ़ी को प्रदान की। ऐसे महापुरुषों के जीवन से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में पधारे सभी संत महापुरुषों का आभार व्यक्त करते हुए जगतगुरु उदासीन आश्रम के अध्यक्ष महंत सुतीक्ष्ण मुनि महाराज ने अपने संबोधन में सनातन धर्म के उद्देश्य एवं संत समाज के मूल कर्तव्यों के बारे में बताते हुए कहा कि सनातन धर्म का प्रचार,प्रसार एवं पुनरुद्धार ही सम्पूर्ण संत समाज का एक मात्र मूल उद्देश्य है, सत्य सनातन वैदिक धर्म के बिना संसार का अस्तित्व कल्पना मात्र रह जायेगा।इरंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य ने 51वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष अतिथि के तौर पर अपने संबोधन में कहा कि सर्वप्रथम हमें सम्पूर्ण संत समाज का आभारी होना चाहिए जिनके माध्यम से हमारे सनातन दबारम का पुनः प्रसार, प्रचार पूर्वकालिक अवस्था में लौट रहा है। संत समाज के अतुलनीय प्रयासों से ही संसार के सभी धर्मों की नींव व जननी सनातन धर्म अपनी पूर्ववधारित अवस्था में वापस आने में सक्षम हुआ है। संत समाज अपने सेवा प्रकल्पों के माध्यम से हमेशा ही राष्ट्र निर्माण में सहयोग करता आया है। अपने संबोधन में आर्य ने जोड़ते हुए कहा कि हमारा राष्ट्र संत-समाज के त्याग एवं बलिदानों का हमेशा ऋणी रहेगा। इसके साथ ही पूज्य गुरुदेव ब्रह्मलीन स्वामी सतनाम दास महाराज जी का महिमा मंडन करते हुए आर्य ने कहा कि उनके जीवन दर्शन से मुझे हमेशा ही वैदिक धर्म संस्कृति और राष्ट्र के उद्धार की प्रेरणा मिलती है। ऐसे उच्च कोटि के दार्शनिक, विचारक, सामंतवादी महापुरुष समाज को विरले ही प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि संतो के दर्शन मात्र से व्यक्ति का उद्धार हो जाता है और जिस प्रकार से उन्हें संत समाज का स्नेह प्राप्त हो रहा है। वह उनके लिए अनुकरणीय है। युवा भारत साधु समाज के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी रविदेव शास्त्री एवं स्वामी हरिहरानंद महाराज ने कहा कि अपना जीवन परोपकार को समर्पित करने वाले संत महापुरुष सदैव ही अपने भक्तों को ज्ञान की प्रेरणा देकर उनके कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। ब्रह्मलीन स्वामी सतनाम दास महाराज एक महान संत थे। जिनके आदर्शों को अपनाकर युवा संत के रूप में महंत सुतीक्ष्ण मुनि महाराज आश्रम द्वारा संचालित सेवा प्रकल्पों में निरंतर बढ़ोतरी कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रदीप यादव प्रीतोष यादव,पुष्पेंद्र राजपूत,निमेष यादव, व्यवसायी पंकज गुप्ता, व्यवसायी रमेश अरोड़ा, विवेक अग्निहोत्री, अंकुर शाक्य, विकास मेहता, अनुज चतुर्वेदी एवं शाहदरा दिल्ली से आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रदीप उपाध्याय जी,समेत कई सैकड़ों साधु संत-महंत एवं हजारों की संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत लोगों को पढ़ाया सड़क जागरूकता तथा महिला सशक्तिकरण का पाठ

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-शासन की मंशानुरूप जनपदीय पुलिस द्वारा चलाए जा रहे यातायात जागरूकता अभियान तथा मिशन शक्ति के तहत लोगों को पढ़ाया सड़क जागरूकता तथा महिला सशक्तिकरण का पाठ। आज दिनांक 24.05.22 को सडक सुरक्षा जीवन रक्षा यातायात जागरुकता अभियान एवं मिशन शक्ति अभियान के तहत जिलाधिकारी एटा श्री अंकित अग्रवाल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदयशंकर सिंह के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी श्री आलोक कुमार, अपर पुलिस अक्षीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध श्रीमती स्नेहलता, अपर पुलिस अक्षीक्षक / क्षेत्राधिकारी नगर / यातायात श्री कालूसिंह, आरटीओ श्री हेमचंद गौतम, पी0टी0ओ0 अभिनव चौधरी, यातायात प्रभारी बचान सिंह, टीएसआई सतीश चन्द सहित अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा नगर क्षेत्र के व्यापार मण्डल के पदाधिकारी, बस यूनियन, ऑटो यूनियन एवं अन्य व्यक्तियों के साथ संवाद कर यातायात नियमों की जानकारी दी गयी। उनसे समाज के लोगों, उनके परिजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु अनुरोध किया गया। साथ ही उन्हें मिशन शक्ति अभियान के बारे में जानकारी देते हुए आकस्मिक टोल फ्री नम्बर 1090,112,108 आदि के बारे बताया गया। उक्त अवसर पर सड़क सुरक्षा से सम्बंधित कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। कार्यशाला में पुलिस बल द्वारा ट्रैफिक नियमों, संकेतों, हेलमेट सीट बेल्ट व अन्य सुरक्षा उपकरणों की अनिवार्यता के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए सड़क सुरक्षा से सम्बंधित पम्पलेट वितरित किये गए। परिवहन विभाग / नगर मजिस्ट्रेट / नगर पालिका ई-ओ श्री दीप वार्ष्णेय से साथ संयुक्त अभियान चलाकर शिवसिंहपुर तिराहा ,पटियाली गेट चौकी , अलीगंज तिराहा,हाथी गेट , ठण्डी सड़क तिराहा, माया पैलेस चौराहा पर अवैध पार्किंग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध व अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई एवं वाहन चालकों का ब्रीथ एनालाइजर के द्वारा मादक द्रव्य के सेवन करने वालों की जाँच की गयी। गोदाम तिराहा से रोडबेज बस स्टैण्ड तक अतिक्रमण हटाया गया । दैनिक अभियान के दौरान वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट का प्रयोग न करने वाले, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ,राँगसाइड, खतरनाक तरीके से वाहन चलानें, ओवरलोडिंग करने वालों के विरुद्ध 153 ई-चालान किये गये ।

# जिले में मनाया गया प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जनपद में अब प्रतिमाह दो बार नौ व 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ सुधीर कुमार ने बताया कि मंगलवार को जिले की सभी प्रथम संदर्भन इकाई (एफआरयू) स्तर के स्वास्थ्य केंद्र पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 296 महिलाओं की जांच की गई, जिसमें से 22 उच्च जोखिम वाली गर्भवती को चिन्हित किया गया है। नोडल अधिकारी ने बताया कि पीएमएसएमए दिवस का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक द्वितीय व तृतीय तिमाही वाली गर्भवती की एमबीबीएस चिकित्सक अथवा महिला रोग विशेषज्ञ की



देखरेख में जांच करके उन्हें समुचित इलाज व जानकारी मुहैया कराना है। इस दौरान गर्भवती का ब्लड ग्रुप, रक्तचाप, मधुमेह, वजन, यूरिन, एचआईवी, सिफलिस आदि जांच तथा निःशुल्क अल्ट्रासाउंड से साथ अन्य सभी जांच भी निःशुल्क की जाती है। इन जांच का मुख्य उद्देश्य गर्भवती के स्वास्थ्य की निगरानी करना है, जिससे मातृ व शिशु मृत्यु दर को रोका जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिले में मंगलवार को प्रथम संदर्भन इकाई स्तर के स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलेसर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज व जिला महिला अस्पताल पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस का आयोजन किया गया। यह दिवस उन सभी गर्भवती को लक्षित करता है जो गर्भावस्था की दूसरी-तीसरी तिमाही में है। दिवस के आयोजन के समय प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व क्लीनिक के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के विषय में बताया गया एवं हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाली महिलाएं चिन्हित किया गया। उन्होंने बताया कि आमतौर पर जब महिला गर्भवती होती है तो वह विभिन्न प्रकार की बीमारियों जैसे रक्तचाप, शुगर और हार्मोनल रोगों से ग्रसित हो जाती है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान योजना के तहत गर्भवती के अच्छे स्वास्थ्य और स्वतंत्र जांच प्रदान करने के साथ स्वस्थ बच्चे को जन्म देने का प्रयास है। योजना का उद्देश्य मातृ मृत्यु दर को कम करना, गर्भवती को उनके स्वास्थ्य के मुद्दे, रोगों के बारे में जागरूक करना, बच्चे के स्वस्थ जीवन और सुरक्षित प्रसव को सुनिश्चित करना आदि है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## किन्नरों को मिलेगी पहचान जारी होगा पहचान पत्र जिला अधिकारी बरेली सभागार में मीटिंग संपन्न की गई

तकी रज़ा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- उत्तर प्रदेश किन्नर कल्याण बोर्ड की माननीय उपाध्यक्ष सुश्री सोनम चिश्ती ने स्पष्ट किया कि किन्नर समाज के भी मौलिक अधिकार उतने ही हैं जितने कि किसी अन्य समाज के लोगों के हैं। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर किन्नर समाज के लोगों की जनसंख्या का सर्वे कराया जाएगा, उसके आधार पर उनके कल्याण के लिए विशिष्ट योजनाएं तैयार कर लागू की जाएंगी। उन्होंने कहा कि किन्नर समाज के लोगों के बीच जागरूकता की बड़ी आवश्यकता है, उनके बीच जाकर समानता की बात करनी होगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जबरदस्ती किन्नर बनाए जाने की किसी भी घटना का तत्काल संज्ञान लिया जाए और सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सुश्री सोनम चिश्ती आज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित एक बैठक को सम्बोधित कर रही थीं। बैठक में जिलाधिकारी श्री शिवाकान्त द्विवेदी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रोहित सिंह सजवाण, एएसपी, सिटी श्री रवींद्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुश्री मीनाक्षी वर्मा, जिला प्रोबेशन



अधिकारी श्रीमती नीता अहिरवार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री विनय कुमार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में माननीय उपाध्यक्ष ने कहा कि किन्नरों का सर्वे के उपरांत उनका पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा तथा उन्हें एक परिचय पत्र भी जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य किन्नर कल्याण बोर्ड को किन्नरों के सम्मान की सुरक्षा के लिए सशक्त बनाना है। अधिकारी को निर्देश दिए कि वह स्कूली छात्रों के बीच इस प्रकार का प्रचार साहित्य वितरित कराएं, जिससे कि बच्चों के मन में यह भावना पैदा हो जाए कि उभयलिंगी लोगों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। जिलाधिकारी ने माननीय उपाध्यक्ष किन्नर कल्याण बोर्ड को आश्वस्त किया कि किन्नरों के कल्याण के लिए नियमानुसार समस्त सुविधाएं उन्हें प्रदान की जाएंगी।

## छेड़छाड़ की रिपोर्ट पर जीपीएम पुलिस की त्वरित कार्यवाही, आरोपी गिरफ्तार

ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- पीड़िता ने थाना पेंड्रा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि पेंड्रा का एक लड़का अजय रजक 8 -10 दिन से रास्ते में सुने जगह देख कर छेड़खानी करता था मना करने पर भी नहीं मानता था। आज घर तक पहुंच गया था और घर अंदर घुस कर छेड़खानी कर रहा था। रिपोर्ट पर से आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 211/22 धारा 354, 354(घ), 506, 452 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी पेंड्रा के द्वारा उक्त गंभीर अपराध की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया। श्री अशोक वाडेगावकर के नेतृत्व में थाना प्रभारी पेंड्रा को प्रकरण में आरोपी पतासाजी हेतु टीम गठित कर कार्यवाही हेतु निर्देशित किये। थाना पेंड्रा की टीम के द्वारा आरोपी की लगातार पतासाजी की जा रही थी। टीम को सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी डी एन तिवारी के नेतृत्व में आरोपी अजय रजक पिता हीरा लाल रजक 33 साल, निवासी तेंदुपारा को विधि सम्मत कार्यवाही उपरांत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## युवती की कस्टडी को लेकर पुलिस से नोकझोंक

लवकुश ठाकुर

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- गांधी पार्क थाना क्षेत्र के डोरी नगर में मंगलवार रात को एक युवती की कस्टडी को लेकर स्वजन की पुलिस से नोकझोंक हो गई स्वजन ने किशोरी को पुलिस से छुड़ाने की कोशिश की, जबकि वह स्वजन के साथ नहीं जाना चाहती थी इसमें हाथापाई तक की गई दरोगा की कार का शीशा तोड़ दिया भीड़ बढ़ती देख थाने से आए फोर्स ने लोगों को खदेड़ा, जिसके बाद मामला शांत हुआ पुलिस के मुताबिक, गांधीपार्क क्षेत्र के एक इलाके में रहने वाली युवती को एक युवक भगाकर ले गया था पुलिस ने युवती को बरामद करके मंगलवार को अदालत में पेश किया युवती बालिग है ऐसे में उसने स्वजन के साथ जाने से इनकार कर दिया इधर, मंगलवार रात को स्वजन डोरी नगर चौकी पर इकट्ठा हो गए उन्होंने दरोगा की कार में बैठी युवती को खींचने की कोशिश की हालांकि दरोगा ने जैसे तैसे लोगों को हटाया इसी बीच कुछ लोगों ने हाथापाई तक करने की कोशिश की इसमें दरोगा की कार का शीशा टूट गया स्थिति अनियंत्रित होती देख थाने से फोर्स बुलाई गई, जिसके बाद हालात काबू हुए एसएसपी मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि युवती अपने स्वजन के साथ नहीं जाना चाहती थी स्वजन उसे साथ ले जाने पर अड़े थे इसी बात को लेकर पुलिस से नोकझोंक हो गई हाथापाई व तोड़फोड़ की बात गलत है

## बेटी को दिया प्रेमपत्र, मां ने घर जाकर की युवक की धुनाई

लवकुश ठाकुर

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- थाना बरला के गांव की एक युवती को प्रेम पत्र देना युवक को भारी पड़ गया उसकी मां ने घर जाकर चप्पलों से युवक के सिर से इश्क का भूत उतार दिया एक गांव की युवती बीएससी करने के बाद अलीगढ़ के एक कोचिंग सेंटर पर कंपटीशन की तैयारी कर रही है पड़ोसी गांव का भी एक युवक अलीगढ़ रहता है कभी-कभी गांव आता है मंगलवार को उसने बस में युवती के बैग की चैन खोलकर चुपचाप उसमें प्रेम पत्र रख दिया घर आकर उसने पढ़ने के लिए किताब निकाली तो उसने पत्र देखा यह बात उसने अपनी मां को और छोटे भाई को बताई मां अपने बेटे को साथ लेकर उसके घर पहुंच गई युवक को देखते ही उस पर चप्पलों की बौछार कर दी युवक द्वारा माफी मांगने पर ही उसकी मां वापस घर आई यह बात चर्चा का विषय है

## पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने 27 परसेंट आरक्षण के लिए प्रदेश सरकार के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन

ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही-जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही में प्रदेश नेतृत्व भाजपा एवं प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष श्री अखिलेश सोनी के निर्देश पर, सांसद लोकसभा बिलासपुर श्री अरुण साव जी की गरिमा में उपस्थिति में , जीला भाजपाअध्यक्ष कन्हैया राठौर जी की सहमति से ज्योति पुर लाल बंगला के पास 12:00 से 3:00 तक प्रदेश सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदेश की निकम्मी सरकार को एवं पिछड़ा वर्ग समाज के प्रति वादाखिलाफी के लिए सभी वक्ताओं ने भूपेश सरकार को जमकर कोसा। मुख्य वक्त्ता *अरुण साव* जी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा पिछड़ा वर्ग के लिए 27त्न आरक्षण घोषणा के बाद भी राज्य सरकार इसे लागू करने के बजाए नए-नए हथकंडे अपना रही है। केंद्र की मोदी सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया ।उच्च श्रेणी के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए 10त्न का आरक्षण दिया । पिछड़ा वर्ग मोर्चाकेजिलाध्यक्ष संदीप जायसवाल* ने अपने उद्बोधन में भूपेश सरकार को ठगेश सरकार की उपाधि दी। आने वाले चुनाव में पिछड़े



वर्ग समाज की अनदेखी कांग्रेसी सरकार को महंगी पड़ेगी ।धरना प्रदर्शन को पूर्व विधायक *रामदयाल उइके ,महामंत्री राकेश चतुर्वेदी, राम जी श्रीवास, प्रकाश नामदेव जी ,दशरथ मार्कोजी, प्रणव मरपच्छी, मंडल अध्यक्ष मनीष अग्रवाल , लुसन राठौर ,शंकर चक्रधारी, कुबेर सर्राटी उपाध्यक्ष, आशीष गुप्ता जी, पुराण रजक जी, सनी अगवानी जी ने भी संबोधित किया। सभी ने एक स्वर में प्रदेश सरकार से पिछड़ा वर्ग समाज के लिए 27त्न आरक्षण लागू करने की मांग की। उक्त कार्यक्रम में श्री *कल्लू राजपूत जी, जय प्रकाश शिवदासानी जी, कबीर मिश्रा, राहुल रक्षित, रजक दीपक शर्मा अजय रजक तिवारी, शामिल हुए ।अंत में सांसद जी के द्वारा अनुभाग अधिकारी राजस्व ज्ञापन सौंपा गया। उक्त कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महामंत्री *दुर्गेश यादव* एवं आभार प्रदर्शन *शिव गुप्ता* जिला महामंत्री ने किया।।

## चौकी इंचार्ज से परेशान युवक ने दी आत्महत्या की धमकी

लवकुश ठाकुर

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत पीड़ित असलम खून पुत्र समीम खान निवासी नवीनगर जमालपुर ने आरोप लगाया है कि जकरिया मार्केट में 1 साल पूर्व मैंने एक मेडिकल स्टोर खोला था चौकी इंचार्ज मेडिकल मुझसे 25000 प्रतिमाह अवैध रुपए लेता था मना करने पर कहता सारे दुकानदार दे रहे हैं नहीं देगा तो मेडिकल स्टोर नहीं चला पाएगा दुकानदारी में दरोगा के पैसे ना निकलने पर थक हार कर युवक ने मेडिकल स्टोर बंद कर दिया और एंबुलेंस चलाने लगा अब चौकी इंचार्ज एंबुलेंस चलाने के भी रुपए मांग रहा है युवक चौकी इंचार्ज नौशाद और हमरा सिपाही टोनी से युवक काफी भयभीत है मेडिकल चौकी भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुकी है चौकी इंचार्ज और उसका हमरा सिपाही युवक को तरह-तरह से मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न कर रहे है कभी उसे रास्ते में रोक लिया जाता है तो कभी थाने बुलाया जाता है कभी अवैध तमंचा में जेल भेजने की धमकी दी जाती है अवैध रुपए देने पर युवक को प्रताड़ित किया जा रहा है युवक ने कहा है कि दरोगा की अवैध वसूली से तंग आ चुका हूं न्याय न मिला तो आत्महत्या कर लूंगा पीड़ित युवक एसएसपी कार्यालय पहुंचा और प्रार्थना पत्र देकर मदद की गुहार लगाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पीड़ित युवक को कार्यवाही का भरोसा दिया है की जांच करा कर जल्द ही कार्यवाही की जाएगी

## झीरम श्रद्धांजलि दिवस पर शहीदों के सम्मान में रखा गया 2 मिनट का मौन

ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- झीरम श्रद्धाजलि दिवस पर आज जिला कार्यालय सहित जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में शहीदों के सम्मान में 2 मिनट का मौन धारण किया गया। विभाग प्रमुखों ने नक्सलवाद और हिंसा का विरोध करने और छत्तीसगढ़ राज्य को पुनः शान्ति का टापू बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित होने का शपथ भी दिलाई। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा 25 मई 2013



को बस्तर अंचल के झीरम घाटी में नक्सल हिंसा के शिकार हुए जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पदाधिकारीगण, सुरक्षा बलों के जवान एवं विगत वर्षों तथा वर्तमान में नक्सल हिंसा में शहीद हुए अन्य सभी भाइयों-बहनों की स्मृति में प्रतिवर्ष 25 मई को झीरम श्रद्धांजलि दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आज सभी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालयों में नक्सल हिंसा में हुए शहीदों की स्मृति में 2 मिनट का मौन धारण किया गया तथा नक्सलवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने एवं छत्तीसगढ़ राज्य को पुनः शान्ति का टापू बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित होने का शपथ लिया।